# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर साप्ताहिक समाचार पत्र

वर्ष–02 अंक–07 अमरोहा उत्तर प्रदेश www.sabkasapna.com सोमवार ● 27 जनवरी से 02 फरवरी 2025 पेज–08 मूल्य 5 रूपये

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कदीर (ग्राम प्रधान)
निवेदकः- ग्रा0 पं0 भगवानपुर, वि0 खं0 गजरौला (अमरोहा)

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रियांशु वर्मा (ग्राम पंचायत सचिव)
निवेदकः- विकास खण्ड व जनपद अमरोहा

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मोनू कुमार (ग्राम पंचायत अधिकारी)
निवेदकः- वि0 खं0 गंगेश्वरी, (अमरोहा)

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
होराम फौजी आइटीबीपी
चमन राणा 8630361944
निवेदकः- पलक डिजिटल फोटो स्टूडियो ढवारसी (अमरोहा)

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजकपूर (ओबेसी मं0 अध्यक्ष)
निवेदकः- भारतीय किसान यूनियन मातृभूमि

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रवि कुमार (ग्राम प्रधान पति)
निवेदकः- ग्रा0 पं0 पृथ्वीपुर खुर्द, वि0 खं0 व जनपद अमरोहा

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रोहित चौधरी (ग्राम विकास अधिकारी)
निवेदकः- वि0 खं0 धनौरा, (अमरोहा)

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पारुल सिसोदिया (जि0 पं0 राज अधि0) अमरोहा
सतीश (जेई)
निवेदकः- वि0 खं0 गजरौला जनपद- अमरोहा

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बृजेश कुमार सैनी (ग्राम प्रधान)
निवेदकः- ग्रा0 पं0 कुतुबपुर हमीदपुर, वि0 खं0 व जनपद अमरोहा

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमरेन्द्र प्रताप मनरेगा (पीढ़ी) अमरोहा
विजेन्द्र (तकनीकी सहायक) मनरेगा
निवेदकः- वि0 खं0 गजरौला जनपद- अमरोहा

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शिवम वर्मा (ग्राम विकास अधिकारी)
निवेदकः- वि0 खं0 गजरौला, (अमरोहा)

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमरेन्द्र प्रताप मनरेगा (पीढ़ी) अमरोहा
सौरभ चौधरी (ए.पी.ओ.)
निवेदकः- अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, गंगेश्वरी

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चन्द्रकिरन महाराज जी (संगठन मंत्री) भा.कि.यू. लोक शक्ति
निवेदकः- श्री नर्मदेश्वर बालाजी सेवा समिति अख्तियारपुर (अमरोहा)

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चरन सिंह (ग्राम प्रधान) भा.कि.यू. मातृभूमि महासचिव
निवेदकः- ग्रा0 पं0 जटपुरा शुमाली, वि0 खं0 धनौरा (अमरोहा)

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमरेन्द्र प्रताप मनरेगा (पीढ़ी) अमरोहा
धीरज कुमार (रोजगार सेवक)
निवेदकः- ग्रा0 पं0 चकफेरी, वि0 खं0 गंगेश्वरी, (अमरोहा)

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कल्लन सिंह (ग्राम प्रधान)
निवेदकः- ग्रा0 पं0 कयामपुर करारनगर, वि0 खं0 व जनपद अमरोहा

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पंकज शर्मा (ग्राम पंचायत सचिव)
निवेदकः- विकास खण्ड व जनपद अमरोहा

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमरेन्द्र प्रताप मनरेगा (पीढ़ी) अमरोहा
मुकेश (ए.पी.ओ.)
निवेदकः- अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मपाल सिंह (ग्रा0 वि0 अधिकारी)
आरिफ़ (ग्राम प्रधान)
निवेदकः- ग्रा0 पं0 ढ़वारसी, वि0 खं0 गंगेश्वरी, (अमरोहा)

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश कुमार (ग्रा0 पं0 अधिकारी)
अजयपाल यादव (ग्राम प्रधान)
निवेदकः- ग्रा0 पं0 रहरई, वि0 खं0 गंगेश्वरी, (अमरोहा)

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चन्द्रपाल सिंह उर्फ पिन्टू (रोजगार सेवक)
निवेदकः- ग्रा0 पं0 मोहम्मदाबाद मु0, वि0 खं0 गजरौला (अमरोहा)

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बिजेन्द्र (रोजगार सेवक)
निवेदकः- ग्रा0 पं0 पतेई, वि0 खं0 गंगेश्वरी, (अमरोहा)

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेन्द्र खड़गवंशी (ब्लॉक प्रमुख)
चरन सिंह (ग्राम प्रधान)
निवेदकः- ग्रा0 पं0 मरोरा, वि0 खं0 गंगेश्वरी, (अमरोहा)

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
धनेश (रोजगार सेवक)
निवेदकः- ग्रा0 पं0 बिजौरा, वि0 खं0 गजरौला (अमरोहा)

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को
26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दो हफ्ते से ज्यादा खांसी होने पर
शाम को पसीना आने पर
बजन घटने पर
शुगर होने पर
परिवार में पहले से टीवी होने पर सीएचसी पहुँचकर जाँच कराये और सही इलाज पाएं
७० वर्ष या उससे अधिक के सभी व्यक्ति आयुष्मान कार्ड बनवाये और सरकार द्वारा संचालित योजना का लाभ उठायें
डॉ0 शशांक चौधरी
(सीएचसी प्रभारी रहरा)

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत हुई 79 जोड़ों की शादी

**अमरोहा।** जनपद अमरोहा के विकास खण्ड गजरौला के शिव इंटर कालेज में सांसद कंवर सिंह तंवर, विधायक राजीव तरारा, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की गरिमा मई उपस्थिति में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन भयव्यता के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भव्यता के साथ हिन्दू और मुस्लिम रीति रिवाजों को अलग अलग अपनाते हुये विधिवत हवन पूजन मंत्रोच्चार रस्मों को निभाते हुए गाजे बाजे के साथ किया गया। कार्यक्रम में सांसद जी विधायक धनौरा राजीव तरारा जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स सहित अन्य उपस्थित अधिकारियों ने सभी वर बधुओं पर पुष्प वर्षा कर बधाई शुभकामनाएं मंगल कामनाएं कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में माननीय सांसद कंवर सिंह तंवर ने सभी वर बंधुओ को बधाई शुभकामनाएं देकर कहा कि सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना के तहत गरीबों के हाथ पीले करने का कार्य सरकार कर रही है सरकार गरीबों के कल्याण के लिये अनेक कार्य कर रही है। कहा की नवविवाहित जोड़े सभी एक दूसरे का ध्यान रखते हुए सुखमय जीवन व्यतीत करें और अपने परिवार का ध्यान रखें। कहा कि इस विवाह के बंधन को मजबूती से निर्वहन करें।



क्षेत्रीय विधायक धनौरा राजीव तरारा ने सभी नव विवाहित जोड़ों को बधाई शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। कहा कि बहुत ही विधि विधान से और धर्म की रीति रिवाज के अनुसार ही यह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का कार्यक्रम संपन्न कराया जा रहा है मुख्यमंत्री की यह बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है जो बहन बेटियों के हाथ पीले करने का कार्य सरकार कर रही सरकार देश के 25 करोड़ लोगों का ध्यान देकर उनके कल्याण के लिये कार्य कर रही है। कहा की सरकार गरीब लोगों की बेटियों की शादी में वाले खर्च का भार न पड़े इसके लिए सरकार ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना चला रखी है जिसमें गरीब कन्याओं का विवाह भव्यता के साथ संपन्न कराया जा रहा है यह सरकार की बहुत ही अनोखी पहल है।



इसमें हर गरीब कन्या के हाथ पीले हो रहे हैं।

कहा सरकार बिना भेदभाव के कार्य कर रही है आज इस कार्यक्रम में धर्म की रीति रिवाज के अनुसार मुस्लिम जोड़े निकाह कर रहे हैं और हिंदू जोड़े हिंदू रीति रिवाज के अनुसार शादी रचा रहे हैं। जिलाधिकारी ने नव विवाहित जोड़ों को बधाई शुभकामनाएं दिया। कहा खुशहाली पूर्वक अपना वैवाहिक जीवन व्यतीत करें साथ में रहकर पति-पत्नी के इस धर्म को खुशहाली के साथ निभाए यही हमारी शुभकामनाएं हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अंतर्गत 79 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ जिसमें 53 हिन्दू और 26 मुस्लिम वैवाहिक जोड़े रहे। विकास खंड गजरौला के 56 जोड़े जिसमें 38 हिंदू और 18 मुस्लिम रहे नगर पालिका गजरौला के 23 जोड़े 15 जोड़े हिन्दू 08 मुस्लिम जोडों का विवाह संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, जिला विकास अधिकारी जिला मत्स्य अधिकारी अधिशासी अधिकारी गजरौला खण्ड विकास अधिकारी गजरौला ब्लॉक प्रमुख गजरौला सहित अन्य संबंधित अधिकारी भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

एक नजर

## उत्कृष्ट कार्य करने पर ग्राम प्रधानों और प्रधानाध्यापकों को किया गया सम्मानित



**अमरोहा।** अवध फार्म हाउस हाकमपुर, विकास क्षेत्र गंगेश्वरी में किया गया। जिसमें विकास क्षेत्र गंगेश्वरी के समस्त प्रधानाध्यापकों एवं ग्राम प्रधानों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हसनपुर विधानसभा के विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी और विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी हसनपुर विभा श्रीवास्तव रही। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई।

मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने बेसिक शिक्षा में बेहतर सहयोग प्राप्त करने हेतु ग्राम प्रधानों से कायाकल्प के तहत अधिक से अधिक कार्य कराने का आह्वान किया। साथ ही विद्यालयों में बेहतर सहयोग के लिए प्रेरित किया। कायाकल्प के तहत विद्यालयों में अच्छा कार्य करने के लिए ब्लॉक क्षेत्र के 10 ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया। साथ ही ठक्छढ सर्वे में सर्वोत्तम कार्य करने के लिए नवाबपुरा खादर के प्रधान अध्यापक सुरेश सिंह को भी सम्मानित किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी हसनपुर विभा श्रीवास्तव ने कहा कि वन फैमिली वन आईडी के तहत अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य कराएं।

खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने समस्त ग्राम प्रधानों से आवाहन किया कि विद्यालयों में कायाकल्प के अंतर्गत अवशेष कार्यों को पूर्ण करने में सहयोग करें। अधिकतर ग्राम प्रधानों द्वारा परिषदीय विद्यालयों में मिशन कायाकल्प के अंतर्गत बहुत अच्छा कार्य कराया जा रहा है।



## 'बोस दा राष्ट्रनायक' विषय पर हुई संगोष्ठी

**अमरोहा।** श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में माँ भारती के वीर सपूत एवं आजादी के रणबांकुरे आजाद हिन्द फौज के संस्थापक नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती 'पराक्रम दिवस' पर बोस दा राष्ट्रनायक विषय पर संगोष्ठी एवं राष्ट्र सेवा शपथ कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया गया।

अपने सम्बोधन में समूह अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि नेताजी जैसा दूरद्रष्टा, राष्ट्रभक्त एवं आजादी के लिए सर्वत्र न्यौछावर करने वाले विरले ही होते है। वेंकटेश्वरा के प्रतिकुलाधिपति एवं अंतरराष्ट्रीय प्रेरक वक्ता डा. राजीव त्यागी ने कहा कि ऐसे महान राष्ट्रभक्त को आज उनकी जयंती पराक्रम दिवस पर यही सच्ची श्रद्धांजली होगी कि हम जातिवाद, क्षेत्रवाद, धर्म, संप्रदाय से ऊपर उठकर कार्यक्षेत्र में शानदार कार्य करते हुए राष्ट्र सेवा में अपना शत प्रतिशत योगदान दे। पराक्रम दिवस पर आयोजित बोस दा राष्ट्रनायक संगोष्ठी एवं राष्ट्र सेवा शपथ समारोहर को कुलपति प्रो. कृष्णकान्त दवे, डीन नर्सिंग डा. एना ब्राउन ने भी सम्बोधित किया. इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. पीयूष पाण्डे, डा. राजेश सिंह, डा. टी.पी.सिंह, डा. दिनेश गौतम, डा. आशुतोष गौतम, डा. ज्योति सिंह, डा. योगेश्वर शर्मा, डा. मंजरी राणा, डा. राजवर्धन सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।



## अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ हसनपुर के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शिक्षकों ने किया स्वागत



**अमरोहा।** जनपद अमरोहा के टीचर्स कॉलोनी हसनपुर में रामवीर सिंह के आवास पर अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ (रजि.) हसनपुर के नवनियुक्त पदाधिकारियों का वरिष्ठ शिक्षक व समाजसेवी परवीन सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों द्वारा फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया।

अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ के अध्यक्ष रामवीर सिंह ने बताया कि अभी हाल ही में राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ की शाखा हसनपुर के लिए वरिष्ठ शिक्षक जयवीर सिंह को संरक्षक, शिक्षक नेता रामवीर सिंह को अध्यक्ष, वरिष्ठ शिक्षक विनोद कुमार गौतम को महामंत्री एवं शिक्षक करणवीर सिंह को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया हैं। यह वास्तव में सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ का उद्देश्य सभी को साथ लेकर समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करना है। बताया कि समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करके ही हम एक अच्छे भारत का निर्माण करने में अपना योगदान प्रदान कर सकते हैं हम सभी को बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रण करना होगा और महिलाओं के उत्थान के लिए उनके लिए कार्य करने होंगें।

## जिलाधिकारी ने किया कान्हा गौशाला धनोरा का निरीक्षण

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स द्वारा नगर पालिका परिषद धनौरा की कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने हरा चारा भूसा खली चोकर उपलब्धता बीमार पशु पशुओं को रखरखाव दोनों टाइम चारा और पानी देने के समय सहित अन्य संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर गौशाला प्रभारी व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद धनोरा से जानकारी ली। गौशाला में साफ सफाई नालियों के बंद होने सफाई न होने जल जमाव होने व गोबर गैस प्लांट के बन्द होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त कर गौशाला प्रभारी कृष्ण कुमार का स्पष्टीकरण कॉल करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि गोबर गैस प्लांट को चालू किया जाए और गोबर का उचित निस्तारण किया जाए। गौशाला में पशुओं की संख्या के सापेक्ष जगह कम होने के संबंध में जिलाधिकारी ने अलग से शेड बनाने के निर्देश दिए। गौशाला में नालियों के चोक होने और साफ सफाई ना होने पर निर्देशित किया की जल निकासी के लिए नालियों के साथ सफाई कराई जाए गौशाला को साफ सुथरा किया जाए। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर गायों की सपुर्दगी बीमार पशु मृत पशु स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन किया और कई खामियां होने पर मेंटेन करने के निर्देश गौशाला प्रभारी को दिया। जिला अधिकारी ने भूसा गोदाम का निरीक्षण कर हरा चारा खली चोकर की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली और निर्देशित किया कि पशुओं को भूसा और खली चोकर मिलाकर अवश्य दिया जाए। कहीं पर भी शिकायत नहीं मिलनी चाहिए

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी धनोरा से हरा चारा की बुवाई, चारा कंहा से मंगाया जाता है प्रतिदिन कितना लगता है सहित अन्य संबंधित बिंदुओं पर जानकारी लेकर निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि गौशाला में पशुओं का विशेष ध्यान दिया जाए

## चाइल्ड केयर क्लिनिक येलो लियोन ने 6 रनों से जीता मैच




**अमरोहा।** द आर्यांस स्कूल जोया में चल रहे स्वर्गीय जसवंत सिंह मेमोरियल अंडरझ12 का आज का मैच भारत बुक्स ब्लू टाइगर्स और चाइल्ड केयर क्लिनिक येलो लाइंस के बीच खेल गया जिसमें चाइल्ड चाइल्ड केयर क्लिनिक येलो लाइंस न 6 रनों से मैं जीता।

येलो लियोन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी 174 रनों का टारगेट दिया जवाब में भारत बुक ब्लू टाइगर्स 167 हो गई।

ब्लू टाइगर की तरफ से मयंक सैनी ने 5 विकेट और हमने 3 विकेट लिए। येलो लाइन की तरफ से सर्वाधिक रन प्रिंस ने 35 रन और काशिफ ने 34 रनों का योगदान दिया जवाब में उतरी ब्लू टाइगर्स की टीम की तरफ से अहम ने 58 और परीक्षित ने 24 रनों का योगदान दिया आज के मैच का मैंन ऑफ द मैच मोहम्मद हासन को मिस्टर इंडिया शुभम् गिल के द्वारा दिया गया।

शुभम् जी ने इस टूर्नामेंट कमेटी और बच्चों की हौसला अफजाई की। मैच के दौरान गिल हेल्थ क्लब के मालिक मिस्टर इंडिया शुभम् गिल और मेकअप स्टूडियो बाई वानी गिल कि मलिक वानी गिल उपस्थित रहे और नारंगपुर से कपिल रहल जी और

द आर्यांस के मैनेजर अनिल लिट सर अमरोहा के कन्वीनर अमन लिट जी उपस्थित रहे और बच्चों का मनोबल बढ़ाया।



## स्कूल के वाहन चालकों को दिया प्रशिक्षण

**अमरोहा(सब का सपना)**

अमरोहा। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जनवरी 2025 के अर्न्तगत परिवहन आयुक्त उ0प्र0 एवं जिलाधिकारी के आदेशानुसार उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन/सड़क सुरक्षा, महेश कुमार शर्मा के नेतृत्व सेफ ड्राइव रोड सेफ्टी फाउन्डेशन द्वारा में मण्डी धनौरा के ब्लूबर्डस इन्टरनेशनल स्कूल में विभिन्न विद्यालयो के वाहन चालको को चालन विनियमन 2017 के अर्न्तगत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम में उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन/सड़क सुरक्षा, महेश कुमार शर्मा सेफ ड्राइव रोड सेफ्टी फाउन्डेशन के संस्थापक एवं जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य अनिल कुमार जग्गा यातायात उप निरीक्षक अनिल मुथुरिया एवं ब्लूबर्डस इन्टरनेशनल स्कूल के प्रबन्धक राहूल अग्रवाल उपस्थित रहें। उक्त कार्यक्रम में ब्लूबर्डस इन्टरनेशनल स्कूल धनौरा, शान्ति देवी मेमोरियल पब्लिक स्कूल धनौरा, हीरा इन्टरनेशनल स्कूल धनौरा, गलोबल पब्लिक स्कूल धनौरा, एम0एस0 पब्लिक स्कूल, धनौरा, स्कालर होम वर्ल्ड क्लास स्कूल धनौरा, के 138 वाहन चालको ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। उक्त कार्यात्क्रम में वाहन चालको को एलईडी स्क्रीन के पर से सड़क दुर्घटनाओं के विडियो क्लिप दिखा कर उसके माध्यम से दुर्घटना के कारण जैसे नशे में वाहन चलाना, बिना सीटबेल्ट हेलमेट एवं अत्याधिक गति से वाहन चलाना एवं ध्वनि तथा वायु प्रदुषण के कारण उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों एवं उसके कारण और सड़क दुर्घटना के प्रभाव से अवगत कराया गया तथा दुर्घटना मुक्त संचालन करने के लिए जागरुक किया गया।

# अमरोहा जनपद में बिना हेलमेट के नही मिलेगा पेट्रोल

**अमरोहा (सब का सपना)**

अमरोहा। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स जी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश सरकार की सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने हेतु ष्नो हेलमेट नो फ्यूलष् रणनीति लागू किए जाने के दृष्टिगत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने कहा सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु की संख्या में वृद्धि के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण रणनीति लागू की गई है ताकि दुर्घटना में होने वाली मृत्यु पर रोक लगाई जा सके। कहा कि लोग हेलमेट होने के बावजूद भी घर मे रखे रहते हैं लेकिन लगाते नहीं हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के पेट्रोल पंप संचालक इस नीति को पूरी तरह से लागू करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि

उन्हीं लोगों को तेल दिया जाए जो हेलमेट पहनते हैं। कहा कि जन भागीदारी होनी चाहिए यह किसी की जान से जुड़ा मामला है इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। सभी पेट्रोल पम्पो में बब जअ कैमरे लगे हों और चालू हों। कहा कि एक सप्ताह की रिकार्डिंग भी रखी जाए। कोई शिकायत हुई तो बब जअ के आधार पर ही जाँच होगी। कहा कि तेल लेने के लिए किसी के साथ जबरदस्ती भी नहीं करना है कोई नहीं पहनता है तो उसे समझाया जाए फोर्स न किया जाए। हेलमेट न पहनने से क्या हानियां है इसके बारे में बताया जाए। जिला अधिकारी ने कहा कि सभी पेट्रोल पंपों में दिव्यांगों और महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय हों और साफ-सुथरे भी हों। यदि नहीं ठीक हैं तो ठीक करा लिया जाय लोगों को सुविधाएं प्रदान किया जाये।



कहा कि एक सामाजिक व्यक्ति के नाते हेलमेट पहनने के लिये लोगों को लोगों को समझाया जाए निवेदन किया जाए। बब जब का रिकार्ड अनिवार्य रूप से हो यह सुनिश्चित किया जाए। कहा कि इस विषय पर होर्डिंग पम्पलेट समक से प्रचार प्रसार भी किया जाय अपने क्षेत्रों में सामाजिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कर क्षेत्र में लोगों को जागरूक किया जाए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ब्रजेश त्रिपाठी संभागीय परिवहन अधिकारी महेश कुमार शर्मा जिला पूर्ति अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी और जनपद के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पेट्रोल संचालक मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने दिलाई 15 वें मतदाता दिवस की शपथ



**अमरोहा (सब का सपना):–** कलेक्ट्रेट सभागार में 15 वें मतदाता दिवस के अवसर पर जिला अधिकारी निधि गुप्ता वत्स द्वारा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ब्रजेश त्रिपाठी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट कार्यालय के अधिकारियों कर्मचारियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय मतदाता दिवस की यह शपथ आज जनपद के सभी राजकीय कार्यालयों में जिलाधिकारी जी के निर्देश के क्रम दिलाई गयी। इस अवसर पर अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सहित अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।



## राजकीय महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**रहरा (सब का सपना) मनोज शर्मा:–** राजकीय महाविद्यालय, गंगेश्वरी में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई– प्रथम के स्वयंसेवक/ स्वयंसेविकाओं द्वारा मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। जिसमे स्वयं सेवक/ सेविकाओ द्वारा एवं महाविद्यालय के छात्र/ छात्राओ द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक डा० दलीप कुमार ने भारतीय चुनाव आयोग एवं मतदान के बारे मे विस्तृत रूप से बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा० पुर्वपेन्द्र कुमार ने मतदान के महत्व को बताया। इस अवसर पर चमन सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, अजय कुमार, तोताराम आदि उपस्थित रहे।

### संक्षेप खबरें

## थाना रजबपुर में थाना समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की शिकायतें



**अमरोहा (सब का सपना):–** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने संयुक्त रूप से थाना रजबपुर में थाना समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की शिकायतों को सुना। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर आये हुए फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता के साथ एक एक कर सुना और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित को दिया।

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए कहा कि थाना दिवस में आयी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए किसी भी स्थिति में पूर्व में आई शिकायत की पुनरावृत्ति ना हो एक बार में ही उसका निस्तारण सुनिश्चित हो।

कहा कि फरियादियों की शिकायतों को प्राथमिकता से लेते हुए उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित हो किसी भी फरियादी को बार–बार ना दौड़ाया जाए एक बार में ही उसकी समस्या का निस्तारण समय से हो जाए। कहा कि जमीन संबंधी शिकायतों को प्राथमिकता के साथ पुलिस और राजस्व की टीम संयुक्त रूप से मौके पर जाकर निस्तारण कराए। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष रजबपुर सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।



## 30 लाख रुपए की लागत से बनी सड़क का ब्लॉक प्रमुख ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**अमरोहा (सब का सपना):–** विकासखंड गंगेश्वरी के ग्राम गंगाचोली में लगभग 30 लाख रुपए से बनी इंटरलॉकिंग सड़क का शनिवार को ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड्गवंशी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान मेवाराम सिंह प्रधान, अशोक कुमार, हरिदत्त सिंह, रामचंद्र भगत जी, चोखाराम, उम्रदराज सिंह, गंगाशरण नेताजी, कृष्ण प्रधान जी, मास्टर महेश सिंह, करण सिंह डीलर, विजय सिंह, बचन सिंह, मदन सिंह, सतपाल सिंह मिस्त्री आदि रहे।





































































# जमीन खरीदने वालों को झटका! 40% तक सर्किल रेट बढ़ाने की तैयारी

## इस प्रस्ताव पर जल्द ही कोई ऐलान होने की संभावना जताई जा रही है।

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के नोएडा और ग्रेटर नोएडा के लिए सर्किल रेट में बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया है। जिसमें आवासीय इलाकों में 30 से 40 फीसदी तक सर्किल रेट बढ़ सकता है। इसके अलावा दूसरे क्षेत्रों में 10 से 20 फीसदी तक की बढ़ोतरी का सुझाव दिया गया है। सर्किल रेट रजिस्ट्रेशन के दौरान स्टाम्प ड्यूटी और दूसरे शुल्क पर लगता है। इस प्रस्ताव पर जल्द ही कोई ऐलान होने की संभावना जताई जा रही है।

नोएडा और ग्रेटर नोएडा में एक बार फिर सर्किल रेट बढ़ाने की कवायद तेज हो गई है। नोएडा में 30 से 40 प्रतिशत तक सर्किल रेट बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। जिसके लिए जिलाधिकारी जल्द मीटिंग करने वाले हैं। सर्किल रेट के बढ़ने से जमीन, फ्लैट की रजिस्ट्री महंगी हो जाएगी। इकोनॉमिक टाइम्स के मुताबिक, सहायक महानिरीक्षक पंजीकरण (अर्बन) शशि भानु मिश्रा ने बताया कि 2019 से सर्किल रेट्स में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया गया है।



पिछले कुछ सालों में नोएडा और ग्रेटर नोएडा में फ्लैटों की लागत बहुत बढ़ गई है। जिसके मुकाबले सर्किल रेट पर आधारित स्टांप शुल्क बहुत कम है। इसको देखते हुए रेट्स में बदलाव किया जाना चाहिए।

जिलाधिकारी इस मामले पर जल्द एक बैठक करने वाले हैं। हालांकि सर्किल रेट बढ़ाने से पहले आम जनता से आपत्तियां मांगी जाएंगी, उसके बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा। निबंधन विभाग के एआईजी बीएस वर्मा ने बताया कि नए सर्किल रेट की लिस्ट तैयार की गई है। पिछले साल प्राधिकरण ने आवंटन दरें 6 फीसदी तक बढ़ा दी थीं। ग्रुप हाउसिंग श्रेणी ए में 172680 से 183040 पहुंच गई और श्रेणी बी में 115130 से 122040 रुपए प्रति वर्ग मीटर तक रेट बढ़ाया गया था। इस बार गांव में 10 से 20 फीसदी तक सर्किल रेट बढ़ाया जा सकता है।

> निबंधन विभाग के एआईजी बीएस वर्मा ने बताया कि नए सर्किल रेट की लिस्ट तैयार की गई है। पिछले साल प्राधिकरण ने आवंटन दरें 6 फीसदी तक बढ़ा दी थीं।

## जरूर जानें



# जजों और कोर्ट की कमी से परेशान हाईकोर्ट, जनहित याचिका की सुनवाई के लिए मुख्य न्यायमूर्ति को भेजा

**लखनऊः** हाईकोर्ट की लखनऊबेंच ने प्रदेश में न्यायालयों की कमी पर चिंता जतायी है। न्यायालय ने इस विषय को जनहित याचिका के तौर पर दर्ज करते हुए मामले की सुनवाई के लिए मुख्य न्यायमूर्ति के समक्ष भेजने का आदेश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने बहराइच निवासी कृष्ण चंद्र सिंह की शीघ्र निस्तारण की मांग वाली याचिका पर पारित किया है। याची की एक पुनरीक्षण याचिका बहराइच की सेशंस कोर्ट के समक्ष 14 वर्षों से लम्बित थी। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने शीर्ष अदालत द्वारा इम्तियाज अहमद मामले में दिए गए निर्देशों के क्रम में अदालतों के गठन की स्थिति का ब्यौरा राज्य सरकार से तलब किया। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता कुलदीप पति त्रिपाठी व अपर शासकीय अधिवक्ता राव नरेंद्र सिंह ने न्यायालय को बताया कि वर्ष 2021 में 9149 अदालतों के गठन का प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजा जा चुका है।

# चंदौली रेलवे स्टेशन पर दिखे 5–6 फीट लंबे 4 सांप

**बरेली :** उत्तर प्रदेश में चंदौली जिले में उळ्व जंक्शन पर चेकिंग के दौरान 2 बोरे में 4 जहरीले सांप मिले। जब ॅफद्ध के जवान गश्त कर रहे थे तो उन्होंने प्लेटफार्म पर बोरे रखे देखे, लेकिन उसको हिलता देखकर जवानों के होश उड़ गए। जब उन्होंने बोरे खोलकर देखे तो उनमें से एक में 2 अजगर और दूसरे में 2 जहरीले कोबरा सांप थे।

आनन फानन में जवानों ने वन विभाग को सूचना देकर मौके पर बुलाया। जवानों ने दरोगा पवन सिंह को बरामद सांप सौंप दिए, जिन्हें वन विभाग की टीम ने नौगढ़ के जंगल में छोड़ दिया। अब पुलिस जंक्शन पर सांपों से भरे बोरे रखने वालों की तलाश में जुटी है। इसके लिए उउळ्ए खंगाले जा रहे हैं। जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर 5/6 पर यह दोनों बोरे रखे हुए थे। जीआरपी उळ्व के प्रभारी निरीक्षक ने कोबरा अजगर बरामद होने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि महाकुंभ लगा हुआ है, इसलिए सरकार के आदेश पर प्रदेशभर के रेलवे स्टेशनों पर तलाशी अभियान चल रहा है। रेलवे स्टेशन पर हर रोज गश्त की जा रही है। पुलिस औरॅफद्ध के जवान लगातार चेकिंग कर रहे हैं। गुरुवार आधी रात को भीॅफद्ध के जवान चंदौली के उळ्व जंक्शन पर गश्त कर रहे थे। जवानों ने रेलवे स्टेशन का कोना–कोना खंगाला था।इस दौरान प्लेटफार्म नंबर 5–6 पर 2 बोरे रखे मिले। दोनों बोरे लावारिस हालत में पड़े थे। पहले जवानों ने बोरों के मालिक को तलाशा, लेकिन वह नहीं मिला। इस बीच उन्होंने दोनों बोरे हिलते देखे तो उन्हें शक हुआ। दोनों जवानों ने तुरंत पुलिस को बम और डॉग स्कवाड लेकर आने को कहा। दोनों की मौजूदगी में बोरे खोले गए तो सभी के होश उड़ गए। दोनों बोरों के अंदर लंबे–लंबे और मोटे–मोटे सांप थे, जो बोरों से निकलने की कोशिश कर रहे थे।



# प्रैक्टिकल एग्जाम में स्टूडेंट्स की नकल पर लगेगी रोक, सचल दल करेगा निगरानी

**लखनऊ** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 23 जनवरी से शुरू होने जा रही हैं। इस बार प्रायोगिक परीक्षाओं में भी नकल नहीं होने दिया जाएगा। निगरानी के लिए सचल दलों का गठन किया गया है। इन सचल दलों की जिम्मेदारी होगी कि ये लिखित परीक्षा की तरह ही परीक्षा केंद्रों पर निगरानी रखें और परीक्षा के दौरान होने वाली गड़बड़ी को रोकें।

पहले चरण की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 23 से 31 जनवरी तक और दूसरे चरण की 1 से 8 फरवरी तक चलेंगी। तो वहीं सचल दलों में परीक्षा केंद्र नहीं बनाए गए राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्यों के साथ ही सहायक जिला विद्यालय निरीक्षकों, शिक्षा व अधिकारियों को शामिल किया जाएगा।

उत्तरप्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा के दौरान नकल रोकने के अनूठे उपाय किए जा रहे हैं। इस बार प्रायोगिक परीक्षा में नकल करते पाए गए तो अंक से वंचित होंगे और कॉपी की जांच नहीं की जाएगी। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा 24 फरवरी से शुरू हो रहीं। इस बार नकल रोकने के लिए बोर्ड कई अनूठे प्रयोग करने जा रहा है। परीक्षा में नकल करने वाले छात्रों की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन ही नहीं किया जाएगा।



# उत्तरकाशी में भूकंप के 3 बार झटके, खिड़कियां और दरवाजे हिले तो घरों से बाहर भागे लोग

**उत्तरकाशी :** म्यांमार के बाद आज भारत की धरती भी भूकंप के झटकों से हिल गई। जी हां, आज सुबह उत्तराखंड के उत्तरकाशी में भूकंप के झटके लगे। एक घंटे के कारण 3 बार भूकंप आया और ऐसे झटके लगे कि लोग अपने घरों से बाहर दौड़े आए।

नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने इस भूकंप की पुष्टि की और लोगों ने भी बताया कि सुबह–सुबह लोग अपने रुटीन कामों में व्यस्त थे कि अचानक चीजें हिलती दिखीं। घरों के दरवाजे और खिड़कियां हिलने लगीं तो वे समझ गए कि भूकंप आ रहा है। कई इलाकों में लोग अपने घरों से बाहर आ गए। दूसरी बार फिर झटके लगे, लेकिन पहले वाले झटकों से हलके थे। तीसरी बार फिर भूकंप आया और इस बार के झटके पहले दोनों बार के झटकों से ज्यादा थे। हालांकि भूकंप से किसी तरह के जान माल के नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन क्योंकि उत्तरकाशी जिला भूकंप के सबसे संवदेनशील जोन में आता है, इसलिए भूकंप का अलर्ट रहता है। लोगों को भी समय–समय पर भूकंप से सतर्क रहने को कहा जाता है।

2 से 4 के बीच रही भूकंप की तीव्रता नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (ठउर) की रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप का पहला झटका सुबह करीब 7 बजकर 41 मिनट पर लगा। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.7 मापी गई।

## एक नजर



# 52 वें दिन वन विभाग की टीम बाघ को पकड़ने में नकामियाब

**लखनऊः** 52 दिन वन विभाग की भारी भरकम टीम को छका रहा बाघ बड़ा घाघ साबित हो रहा है। वन विभाग की टीम जिस क्षेत्र में निगरानी बढ़ाती है, बाघ वहां से दूर निकल जाता है। टीम रहमान खेड़ा के जंगलों में तलाश करती रही और बाघ 10 किलोमीटर दूर वंशीगढ़ी के पास निकल गया। वहां ताजे पद चिह्न मिले हैं।

चार दिन पहले बाघ ने केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के पिटफॉल के पास पड़वे का शिकार किया था। उसके बाद से वन विभाग की टीम ने इस क्षेत्र में तलाश तेज कर दी थी। किंतु तीन दिनों से बाघ का मूवमेंट संस्थान सहित आसपास नहीं मिल रहा था। शुक्रवार सुबह रहमान खेड़ा से 10 किमी दूर वंशीगढ़ी में बाघ के ताजे पग चिन्ह मिलने की सूचना ग्रामीणों ने दी। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ रेणु सिंह, डीएफओ बाराबंकी आकाशदीप बधावन एवं डीएफओ डॉ सितांशु पाण्डेय ने मौके पर पहुंचकर जांच की। विभागीय अधिकारियों ने पग चिह्न बाघ के होने की पुष्टि की है। वंशिगढ़ी में कैमरा ट्रैप लगाकर निगरानी की जा रही है। डॉ. रेणु सिंह ने वंशिगढ़ी के ग्रामीणों को बाघ मित्र बनकर बाघ रेस्क्यू ऑपरेशन में मदद करने का अनुरोध किया और कहा कि यदि कहीं बाघ दिखाई दे तो तुरंत वन विभाग को सूचना दें। रहमान खेड़ा जंगल के संस्थान के जोन एक और मीठे नगर जंगल के जोन दो एवं उलरापुर जंगल के जोन तीन में पिछले तीन दिनों से बाघ के पगचिन्ह नहीं पाये गए हैं।

# उपराष्ट्रपति अपने परिवार के साथ एक फरवरी को लगाएंगे संगम में डुबकी

**लखनऊ।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि वह अपने परिवार के साथ एक फरवरी को प्रयागराज महाकुंभ में संगम में डुबकी लगाएंगे।

अवध शिल्प ग्राम में उत्तर प्रदेश के 76वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए धनखड़ ने राज्य के उल्लेखनीय कायाकल्प और भारत की विकास गाथा में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार की उपलब्धियों को सराहा। धनखड़ ने एक फरवरी को महाकुंभ में शामिल होने के योगी के निमंत्रण को स्वीकार करने की घोषणा की। उन्होंने कहा, मैं अपने परिवार के साथ संगम में डुबकी लगाऊंगा और राष्ट्र की सेवा के लिए खुद को पूरी तरह से समर्पित करने का संकल्प लूंगा। यह मेरे लिए गर्व का पल होगा।



# दिल्ली से 5 ट्रेनें प्रयागराज के लिए, देखें टाइमिंग

**प्रयागराज** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ 2025 लगा है, जो 26 फरवरी तक चलेगा। 14 जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ में अब तक 10 दिन में करीब 10 करोड़ लोग पवित्र संगम में डुबकी लगा चुके हैं। महाकुंभ तक लोगों को पहुंचने में कोई असुविधा न हो, इसके लिए सभी ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट अपने–अपने स्तर पर जरूरी इंतजाम कर चुके हैं।

भारतीय रेलवे भी पहले दिन से अलग–अगल राज्यों और शहरों से महाकुंभ स्पेशल ट्रेनें दौड़ा रहा है। आज हम आपको दिल्ली से महाकुंभ जाने वाली 5 स्पेशल ट्रेनों के बारे में बताएंगे। अगर आप दिल्ली रेलवे स्टेशन से महाकुंभ के लिए ट्रेन पकड़ना चाहते हैं तो इन 5 ट्रेनों के नंबर, टाइमिंग और टिकट का किराया नोट कर लीजिए। यह ट्रेनें 26 फरवरी तक दौड़ती रहेंगी तो वीडियो देखिए और इन ट्रेनों के नंबर, टाइमिंग और किराया जानिए.

ट्रेन नंबर 15657 ब्रह्मपुत्र मेल पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से रात 11 बजकर 40 मिनट पर रवाना होती है और सुबह 8 बजे प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर पहुंचती है। यह ट्रेन हर रोज दौड़ती है। ट्रेन नंबर 12276 हमसफर एक्सप्रेस नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से रात साढ़े 10 बजे रवाना होती है और सुबह 6 बजकर 20 मिनट पर प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर पहुंचती है। सप्ताह में 4 दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और शनिवार को दौड़ती है।ट्रेन नंबर 12312 नेताजी एक्सप्रेस दिल्ली के आदर्श नगर रेलवे स्टेशन से सुबह 4 बजकर 40 मिनट पर रवाना होती है .



# भगवान खोजने से नहीं, पुकारने से मिलते हैंः पुण्डरीक गोस्वामी

**लखनऊः** हर सनातनी को धर्म का मूल पता होना चाहिए। जब आपको मूल का ज्ञान हो जाएगा अज्ञानता स्वतः ही दूर हो जाएगी। जो ज्ञान अर्जित करते है वह ज्ञानी कहलाते है जो विद्या को अर्जित करता है उसे विद्वान कहते हैं। श्री कृष्ण दो जगह अवश्य मिलते हैं एक तो भक्तों के बीच या गायों के मध्य। भगवान खोजने से नहीं पुकारने से मिलते हैं। यह बातें पुण्डरीक गोस्वामी महराज ने शुक्रवार को सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कही।

पुण्डरीक महराज ने भक्तों को कृष्ण और रुक्मणी के विवाह की कथा सुनाई जिसे सुनकर भक्तगण भाव विभोर हो गये। उन्होंने बताया कि राधा रमन आज राम की भूमिका के रूप में सिंहासन पर विराजमान हैं और लखन लाल की भूमिका में आप सभी भक्त हैं। उन्होंने कथा के दौरान कहा कि कृष्ण अर्जुन से कह रहे हैं पार्थ हमारे दरवाजे पर बहुत भीड़ लगी रहती है। चार प्रकार की भीड़ होती है पहली भीड़ दुखी, दूसरी भीड़ जिज्ञासा, तीसरी सनातनी और चौथी ज्ञानी भीड़। परमात्मा महात्मा को ढूंढता है और महात्मा परमात्मा को, जब इन दोनों का मिलन होता है उसे ही रास कहते हैं।आयोजक अमरनाथ मिश्रा ने बताया कि भक्तों पर पुष्पवर्षा की गई। तत्पश्चात आरती हुई और प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में नवीन गुप्ता, लोकेश अग्रवाल, आनंद रस्तोगी, शिवम बंसल, राहुल गुप्ता, मनोज राय, कुश मिश्रा, चारु मिश्रा, अरविंद तिवारी, सुनील मिश्रा, आदित्य अग्रवाल, हनी शुक्ला, मनोज अग्रवाल के साथ सैकड़ों भक्तगण उपस्थित रहे।



# उत्तराखंड में उत्तर प्रदेश की कलारीपयट्टू टीम झंडे गाड़ने को तैयार

**लखनऊ** उत्तराखंड में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों में भाग के लिए उत्तर प्रदेश कलारीपयट्टू मार्शल आर्ट टीम में चयनित खिलाड़ियों को शुक्रवार को उप्र कलारीपयट्टू एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष नीरज सिंह ने प्रशिक्षण शिविर के समापन के उपरांत गोमती नगर आवास पर खिलाड़ियों को किट वितरित करते हुए शुभकामनाएं दी। एसोसिएशन प्रदेश महासचिव प्रवीण गर्ग ने बताया कि प्रदेश टीम में चयनित 14 खिलाड़ियों के लिए एसोसिएशन की ओर से आईबीएसए स्पोर्ट्स एकेडमी में 18 से 24 जनवरी के मध्य एक सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

टीम शनिवार को उत्तराखंड के लिए रवाना होगी, और हरिद्वार के पुलिस लाइन इंडोर स्टेडियम में 28 से 30 जनवरी के बीच प्रतियोगिता में भाग लेगी।

इंडियन कलारीपयट्टू फेडरेशन की ओर से चयनित टीम में मानसी जायसवाल चुवाडुकुल और तलवार ढाल, जयश्री यादव– मेयपट्टू, ज्योति – हाई किक ( 5.3 ) और तलवार ढाल , समीक्षा सिंह – उर्मी ढाल और 60 किलोग्राम भार वर्ग फाइट में , शिवांगी गौतम ( –5.3 ) हाईकिक और उर्मी ढाल युगल, विष्णु चाहर और शाकिर उर्मी ढाल (सहारनपुर), साहिल वर्मा और सनी तलवार ढाल युगल , सनी–हाइ किक( –5.3 ), नितेश यादव फाइट 65 किलोग्राम भार वर्ग, अनुपम सैनी फाइट 80 किलोग्राम भार वर्ग सभी लखनऊसे ) सैयद अयूब अली – चुवाडुकुल (गोंडा), प्रशांत सिंह उर्मी प्रदर्शन (रायबरेली), काजल साहू फाइट 70 किलोग्राम भार वर्ग ( फर्रुखाबाद) उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रियंका अग्रवाल, वैभव कुमार टीम कोच के साथ नितेश सिंह और मुस्तकीम अंसारी टीम मैनेज के तौर पर सम्मिलित होंगे।बात की गई तो उन्होंने ऐसा कोई मामला होने से ही इंकार कर दिया।



> चयनित खिलाड़ियों को शुक्रवार को उप्र कलारीपयट्टू एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष नीरज सिंह ने प्रशिक्षण शिविर के समापन के उपरांत गोमती नगर आवास पर खिलाड़ियों को किट वितरित करते हुए शुभकामनाएं दी। एसोसिएशन प्रदेश महासचिव प्रवीण गर्ग ने बताया कि प्रदेश टीम में चयनित 14 खिलाड़ियों के लिए एसोसिएशन की ओर से आईबीएसए स्पोर्ट्स एकेडमी में 18 से 24 जनवरी के मध्य एक सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

संपादकीय

# न्यायपालिकाः 'कुछ बातें अनकही ही अच्छी होती हैं'

जस्टिस कृष्णन विनोद चंद्रन ने आज सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना ने जस्टिस चंद्रन को शपथ दिलाई।

> बॉम्बे हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय को दिल्ली हाई कोर्ट और तेलंगाना हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस आलोक अराधे को बॉम्बे हाई कोर्ट ट्रांफसर करने की सिफारिश की थी। 14 जनवरी को सरकार ने कॉलेजियम की उस सिफारिश पर भी मुहर लगा दी। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम में मुख्य न्यायाधीश सहित पांच वरिष्ठतम जज शामिल होते हैं। मौजूदा कॉलेजियम में उखकजस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस हृषिकेश रॉय और जस्टिस अभय एस ओका शामिल हैं।सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की 7 जनवरी की सिफारिश को बिना किसी विलंब के एक हफ्ते के भीतर सरकार की मुहर लगाने से ऐसा लगता है कि कॉलेजियम की सिफारिशों को सरकार गंभीरता से लेती है और तत्काल उसपर मुहर लगा देती है।

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 7 जनवरी को पटना हाई कोर्ट के जज जस्टिस कृष्णन विनोद चंद्रन को सुप्रीम कोर्ट का जज बनाने की सिफारिश की थी। सरकार ने 13 जनवरी को जस्टिस कृष्णन विनोद चंद्रन को सुप्रीम कोर्ट का जज बनाने की सिफारिश मान ली थी। जस्टिस चंद्रन के शपथ लेने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 33 हो गई है। एक पद अभी भी खाली है।

जस्टिस चंद्रन मूलरूप से केरल हाई कोर्ट से हैं। उनका जन्म 25 अप्रैल 1963 को हुआ था। तिरुअनंतपुरम के केरल लॉ कॉलेज से वकालत की डिग्री पाने के बाद उन्होंने 1991 में प्रैक्टिस शुरू की। जस्टिस चंद्रन 2011 में केरल हाई कोर्ट के जज बने। 27 मार्च 2023 को वह पटना हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस नियुक्त हुए। कॉलेजियम ने जस्टिस चंद्रन के नाम की सिफारिश करते हुए लिखा था कि केरल हाई कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट में कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट जज जस्टिस सीटी रवि कुमार इसी 5 जनवरी को रिटायर हुए थे, जो केरल हाईकोर्ट से आए हुए थे। जबकि झारखंड, जम्मू कश्मीर, मेघालय, उड़ीसा, सिक्किम और त्रिपुरा हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट में फिलहाल कोई प्रतिनिधित्व नहीं है।सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 7 जनवरी की उसी बैठक में जिसमें जस्टिस के विनोद चन्द्रन को सुप्रीम कोर्ट का जज बनाने की सिफारिश की थी, बॉम्बे हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय को दिल्ली हाई कोर्ट और तेलंगाना हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस आलोक अराधे को बॉम्बे हाई कोर्ट ट्रांफसर करने की सिफारिश की थी। 14 जनवरी को सरकार ने कॉलेजियम की उस सिफारिश पर भी मुहर लगा दी। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम में मुख्य न्यायाधीश सहित पांच वरिष्ठतम जज शामिल होते हैं। मौजूदा कॉलेजियम में उखकजस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस हृषिकेश रॉय और जस्टिस अभय एस ओका शामिल हैं।सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की 7 जनवरी की सिफारिश को बिना किसी विलंब के एक हफ्ते के भीतर सरकार की मुहर लगाने से ऐसा लगता है कि कॉलेजियम की सिफारिशों को सरकार गंभीरता से लेती है और तत्काल उसपर मुहर लगा देती है।

# महाकुंभ क्यों पूरे विश्व को कर रहा आकर्षित


जयसिंह रावत

इटली के खगोलशास्त्री और भौतिक विज्ञानी गैलीलियो ने 1632 में जब अपनी पुस्तक में लिखा कि पृथ्वी, सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाती है, तो पोप को उनकी इस बचकानी बात पर गुस्सा आया क्योंकि चर्च आम जन को यही समझाता था कि सूर्य पृथ्वी के चारों ओर चक्कर लगाता है. ज्ञान पर चर्च के आधिपत्य को जिस तरह से गैलीलियो ने चुनौती दी, उसका परिणाम यह हुआ कि उनको मृत्यु दंड मिला. लेकिन गैलीलियो के काल से 800 साल पहले यानि आज से लगभग 1200 साल पहले भारत में सनातन धर्म के आधुनिक प्रवर्तक आदि गुरु शंकराचार्य, प्रयागराज में महाकुंभ की शुरुआत कर रहे थे. इस महाकुंभ के आयोजन के समय ग्रहों की जो स्थिति थी, उसी स्थिति में आज 2025 में भी प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है. उस समय आदि गुरु शंकराचार्य ने निर्णय लिया कि जब गुरु वृषभ राशि में और सूर्य मकर राशि में होंगे तो कुंभ का आयोजन होगा. ग्रहों की इन्हीं विशेष परिस्थिति में आज प्रयागराज में भी महाकुंभ हो रहा है. आधुनिक और विशाल टेलीस्कोपों से प्राप्त जानकारी के आधार पर भी प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ के दौरान ग्रहों की वही स्थिति है, जिसकी गणना हजारों साल पहले सनातन विज्ञान कर चुका है. जब पश्चिम का विज्ञान ग्रहों की सही स्थिति के बारे में जानकारी देने वाले गैलीलियो को मृत्युदंड दे रहा था तब सनातन संस्कृति उसी विज्ञान का उपयोग मानव विकास और कल्याण के लिए कर रहा था. ज्ञान और विज्ञान के इतिहास में ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं, जो यह स्थापित करते हैं कि सनातन संस्कृति के आधार में जो विज्ञान मौजूद है, उस विज्ञान को अभी पश्चिम का विज्ञान अपने आधुनिक यंत्रों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से समझने का प्रयास कर रहा है. और इसमें भी कोई मतभेद नहीं है कि बारह सौ साल के गुलामी के काल खंड में भारत का सनातन विज्ञान, समाज से इतना दूर और ओझल हो गया कि इसमें अंधविश्वास और पाखंड हावी हो गया. लेकिन आधुनिक विज्ञान के शिक्षा के प्रसार से सनातन विज्ञान का वह ज्ञान एक बार फिर प्रयागराज में आलोकित हो रहा है. प्रयागराज में 144 सालों के बाद यानि 12 पूर्ण कुंभ के बाद महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी से शुरू हुआ है. हर 12 साल में एक पूर्ण कुंभ प्रयागराज में आयोजित होता है. 12 पूर्ण कुंभ के बाद ग्रहों की स्थिति महाकुंभ के लिए बनती है. इस समय सूर्य, चंद्रमा, शनि और वृहस्पति की स्थिति 144 साल बाद ऐसी है कि महाकुंभ का शुभ मुहुर्त बन रहा है. इस महाकुंभ में दुनिया के करीब 183 देशों के लोगों में आने की जिज्ञासा दिखी है. महाकुंभ की आधिकारिक बेवसाइट पर अभी तक 183 देशों के लोग विजिट कर चुके हैं. यही नहीं महाकुंभ के पहले ही दिन 13 जनवरी से एप्पल कंपनी के संस्थापक स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन जॉब्स, कल्पवास करने के लिए प्रयागराज पहुंच चुकी हैं.


PTI

# शादी से पहले साथ रहना सही ? जानें क्या कहते हैं रिलेशनशिप एक्सपर्ट

प्रकाश चंद जोशी



आजकल हमारे देश में पश्चिमी सभ्यता का प्रभाव दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। इस कड़ी में लिव इन रिलेशनशिप जिसमें लड़का और लड़की शादी किए बिना ही पति पत्नी की तरह रहते हैं और वो भी बिना किसी शादी के कमिटमेंट के। दोनों ही फ्री होते हैं और कभी भी रिश्ता खत्म कर सकते हैं। समाज में कुछ लोग इस प्रथा से सहमत होंगे और कुछ बहुत खिलाफ लेकिन आज इस प्रथा का भी समाज पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है।

आज के युवा समाज में डाइवोर्स के बढ़ते प्रचलन और वैवाहिक जीवन में आने वाली कठनाइयों को देखते हुए लोग शादी से भागने लगे हैं उनको शादी एक मजबूरी या बोझ जैसी लगने लगी है। पश्चिमी देशों मे शायद यह प्रयोग चल रहा है और यह वहां की सभ्यता और सेक्स को ज्यादा महत्त्व न देने की वजह से स्वीकार्य हो चुका है लेकिन भारतीय परम्परा और संस्कारों से इसका मेलजोल बैठना थोड़ा कठिन लगता है।

समाज के बदलाव के लिए समाज के लोग ही जिम्मेदार होता है। वर्षों से हमारे समाज ने बहुत से बदलाव देखे हैं और आगे भी देखेंगे। यह लिव इन भी उसी कड़ी का हिस्सा है। मेरे विचार में जो युवा अपने परिवार में माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी को देखते हुए बड़े होते हैं या पति पत्नी की एक दूसरे को लेकर उम्मीदें देखते हैं तो ऐसे युवा प्रेशर देखकर शादी से डरने लगे हैं। इसलिए वो अपने आर्थिक रूप से इंडिपेंडेंट या सक्षम होने की राह देखते हैं और उसमें कई बार शादी की उम्र निकल जाती है।अपनी सेक्सुअल जरूरत को पूरा करने के लिए लिव इन उनको एक आसान रास्ता लगता है लेकिन जैसे-जैसे उनका साथ रहने का समय बढ़ता रहता है, कुछ न कुछ एक्सपेक्टेशन्स बढ़ने लगता है और एक दूसरे की आदतों से पार्टनर्स के बीच में कहासुनी होने लगती है।

# ओडिशा, छत्तीसगढ़ और गोवा की आर्थिक सेहत सबसे सही, पंजाब-केरल की हालत खराब




**नई दिल्ली.** खनिज संसाधनों से भरपूर ओडिशा, छत्तीसगढ़, गोवा और झारखंड नीति आयोग के पहली राजकोषीय सेहत सूचकांक रिपोर्ट में शामिल राज्यों में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले 'अचीवर' बनकर उभरे हैं। 'राजकोषीय सेहत सूचकांक 2025' शीर्षक रिपोर्ट में 18 प्रमुख राज्यों को शामिल किया गया है। ये राज्य भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), जनसांख्यिकी, कुल सार्वजनिक व्यय, राजस्व एवं समग्र राजकोषीय स्थिरता में अपने योगदान के लिहाज से भारतीय अर्थव्यवस्था को बड़े पैमाने पर संचालित करते हैं। रिपोर्ट कहती है कि पंजाब, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और केरल राजकोषीय सेहत सूचकांक (एफएचआई) में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले राज्य रहे हैं।

राज्यों की राजकोषीय स्थिति के बारे में समझ विकसित करने के उद्देश्य से तैयार की गई इस रिपोर्ट में महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, कर्नाटक को 'अगली कतार' वाली श्रेणी में रखा गया है। इस रिपोर्ट को 16वें वित्त आयोग के चेयरमैन अरविंद पनगढ़िया ने जारी किया। रिपोर्ट के मुताबिक, ओडिशा 67.8 के उच्चतम समग्र अंक के साथ राजकोषीय सेहत के मामले में उत्कृष्ट स्थिति में है।

बिजनेस

# 80सी और 80डी के तहत टैक्स नियमों में बदलाव की जरूरत






नई दिल्ली :बीमा कंपनियों को उम्मीद है कि आगामी आम बजट से उन्हें बीमा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों के लिए रियायतों सहित कई कर लाभ मिलेंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आम बजट पेश करेंगी। एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नवीन चंद्र झा ने कहा कि 2047 तक 'सभी के लिए बीमा' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 'बीमा सुगम' जैसी पहलों को विनियामक और आर्थिक समर्थन मिलने की उम्मीद है। इंश्योरेंस प्लेटफॉर्म पॉलिसी बाजार और वित्तीय सेवा प्लेटफॉर्म पैसा बाजार की मूल कंपनी पीबीफिनटेक के संयुक्त समूह सीईओ सरबवीर सिंह ने बीमा क्षेत्र में धारा 80सी और 80डी के तहत कर नियमों में बदलाव की वकालत की।

कर नियमों में बदलाव की जरूरत

उन्होंने कहा,बीमा क्षेत्र में सबसे जरूरी सुधारों में से एक धारा 80सी और 80डी के तहत कर नियमों में बदलाव की जरूरत है। 80सी के तहत फिलहाल भुगतान की सीमा 1,50,000 रुपये है, जो पिछले कुछ सालों से बदली नहीं है। इसमें पीपीएफ और कर्ज जैसी दूसरी जरूरी चीजों को भी शामिल किया गया है, जिससे लोगों के पास अपने महत्वपूर्ण वित्तीय फैसलों के लिए कम गुंजाइश बचती है।₹ बजाज अलायंज लाइफ के एमडी और सीईओ तरुण चुघ ने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि बीमा क्षेत्र के लिए वित्तीय मजबूती बढ़ाने के लिए कई अवसर प्रस्तुत करती है।

उन्होंने कहा, ₹जीवन बीमा वार्षिकी उत्पादों की कर कटौती को राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) के साथ जोड़ने और वार्षिकी उत्पादों के मूल घटक पर कर के मुद्दे को हल करने से सेवानिवृत्ति की आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से विकसित किया जा सकता है।

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, देश की बीमा पहुंच 2022-23 में चार प्रतिशत की तुलना में 2023-24 में 3.7 प्रतिशत थी। जीवन बीमा उद्योग की पहुंच 2022-23 में तीन प्रतिशत से मामूली रूप से घटकर 2023-24 के दौरान 2.8 प्रतिशत हो गई। गैर-जीवन बीमा उद्योग के संबंध में पहुंच 2023-24 के दौरान एक प्रतिशत पर समान रही। इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ सुब्रत मंडल ने कहा कि केंद्रीय बजट सरकार को सुधारों को लागू करने का एक आवश्यक अवसर प्रदान करता है, जो उद्योग की चुनौतियों का समाधान कर सकता है और बीमा उत्पादों को व्यापक रूप से अपनाने को प्रोत्साहित कर सकता है। पीएनबी मेटलाइफ के एमडी एवं सीईओ समीर बंसल ने कहा कि आगामी बजट के लिए हमारी एक उम्मीद पेंशन और वार्षिकी योजनाओं के लिए समर्थन को लेकर है।

# अडानी विल्मर ने सोनीपत में 1300 करोड़ रुपये से बना फूड प्रोसेसिंग प्लांट




**नई दिल्ली.** खाद्य तेल कंपनी अडानी विल्मर लिमिटेड ने हरियाणा के सोनीपत में अपने फूड प्रोसेसिंग प्लांट का संचालन शुरू कर दिया है। कंपनी ने इसे लगभग 1,300 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित किया है।

अदाणी विल्मर ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसने सोनीपत के गोहाना में अपने एकीकृत खाद्य प्रसंस्करण संयंत्र में परिचालन शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा, ₹यह खाद्य परिसर देश के सबसे बड़े परिसरों में से एक है, जिसे आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम) से प्राप्त 1,298 करोड़ रुपये की पूंजी से बनाया गया है।₹ इस प्लांट से हरियाणा में 2,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित करने में मदद मिलेगी। यह सुविधा 85 एकड़ में फैली है और इसकी कुल वार्षिक उत्पादन क्षमता 6.27 लाख टन है।


इस प्लांट में चावल, गेहूं का आटा, सूजी, रवा और मैदा सहित 4,50,000 टन खाद्य उत्पाद बनाए जाएंगे। साथ ही सरसों का तेल, चावल की भूसी का तेल और कपास के बीज का तेल जैसे दो लाख टन खाद्य तेल, इसके अलावा पशु आहार के लिए सरसों डीओसी और राइसब्रान डीओसी का उत्पादन किया जाएगा। पिछले महीने, व्यापारिक समूह अडानी समूह ने अडानी विल्मर से बाहर निकलने की घोषणा की थी।अडानी विल्मर फॉर्च्यून ब्रांड के खाद्य तेल, गेहूं का आटा और अन्य खाद्य उत्पाद बनाती है।

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को अडानी विल्मर का शेयर गिरावट के साथ बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर अडानी विल्मर का शेयर शुक्रवार को 3.71 फीसदी या 9.70 रुपये की गिरावट के साथ 251.85 रुपये पर बंद हुआ। इस शेयर का 52 वीक हाई 408.70 रुपये है। वहीं, 52 वीक लो 251 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 32,732.41 करोड़ रुपये है।

# क्यों आ रही है हमारे विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट, कितना जरूरी है इसका भरे रहना ?

**नई दिल्लीः** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि रूस से सस्ती दरों पर कच्चा तेल मिलना जारी रहने की स्थिति में भारत उसकी खरीद जारी रखेगा। इसके साथ ही पुरी ने कहा कि सरकार सबसे किफायती कीमत वाला कच्चा तेल खरीदने के लिए 'प्रतिबद्ध' है। पुरी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि अगर रूस का तेल अच्छी छूट पर उपलब्ध रहता है तो भारत इसे खरीदना जारी रखेगा। उन्होंने कहा, ₹हम फरवरी, 2022 में रूस से 0.2 प्रतिशत से भी कम तेल खरीदते थे। अब हम 30 प्रतिशत तेल रूस से खरीद रहे हैं। अगर यह अच्छी छूट पर उपलब्ध है, तो हम इसे खरीदेंगे। अगर यह कहीं और भी रियायती दर पर उपलब्ध है, तो हम वहां से खरीदेंगे।मार्केट में क्रूड ऑयल की कोई कमी नहीं

> रूस से सस्ती दरों पर कच्चा तेल मिलना जारी रहने की स्थिति में भारत उसकी खरीद जारी रखेगा। इसके साथ ही पुरी ने कहा कि सरकार सबसे किफायती कीमत वाला कच्चा तेल खरीदने के लिए 'प्रतिबद्ध' है। पुरी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि अगर रूस का तेल अच्छी छूट पर उपलब्ध रहता है तो भारत इसे खरीदना जारी रखेगा। उन्होंने कहा, "हम फरवरी, 2022 में रूस से 0 .2 प्रतिशत से भी कम तेल खरीदते थे। अब हम 30 प्रतिशत तेल रूस से खरीद रहे हैं। अगर यह अच्छी छूट पर उपलब्ध है, तो हम इसे खरीदेंगे। अगर यह कहीं और भी रियायती दर पर उपलब्ध है, तो हम वहां से खरीदेंगे।मार्केट में क्रूड ऑयल की कोई कमी नही .






मंत्री ने कहा कि भारत किसी से कोई मात्रा खरीदने के लिए प्रतिबद्ध नहीं हैं और यह प्रतिबद्धता सिर्फ सबसे किफायती कीमत वाली ऊर्जा खरीदने के लिए है।

उन्होंने कहा, ₹ईंधन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। कुछ उत्पादकों की ओर से कटौती किए जाने के बावजूद बाजार में ज्यादा से ज्यादा कच्चा तेल आ रहा है।₹ मंत्री ने कहा कि सरकार तेल उत्पादक देशों के साथ दीर्घकालिक और हाजिर दोनों तरह के सौदे करने के लिए तैयार है। पुरी ने कहा, हम आयात के समय निविदाएं जारी करते हैं। इसका मतलब यह है कि अगर हमें किसी खास मार्ग की जरूरत है तो हम निविदा जारी करेंगे और फिर जो भी इसकी आपूर्ति कर सकता है वह आपूर्ति

यह परियोजना अपने विशाल आकार (छह करोड़ टन प्रति वर्ष क्षमता) के कारण व्यवहारिक नहीं है। सरकार इसकी जगह दो-दो करोड़ टन प्रति वर्ष क्षमता वाली तीन रिफाइनरी की संभावनाओं पर गौर कर रही है। रत्नागिरी रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (आरआरपीसीएल) सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों पेट्रोलियम कंपनियों की एक संयुक्त उद्यम कंपनी है जिसकी स्थापना 2017 में की गई थी।

सब का सपना

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा आर्यावर्त प्रिंटर्स सौम्या सदन गोकुल बिहार, अमरोहा उत्तर प्रदेश 244221 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।

**संपादक : अनुज कुमार**
R.N.I. No. : UPHIN/2023/86483
**मोबाइल नंबर**
9456884327
E-Mail :- Officialsabkasapna@gmail.com
www.sabkasapna.com
**नोट**- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।

# युवाओं में इस रिश्ते के तय होने चाहिए नियम

## लिव इन रिलेशन पर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

**इलाहाबाद** हाईकोर्ट ने लिव इन रिलेशनशिप पर बड़ा फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट बेंच ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का मामला निपटाया है। बेंच ने दोनों पक्षों की सुनवाई करने के बाद फैसला दिया कि बेशक लिव-इन-रिलेशनशिप सामाजिक रूप से स्वीकार नहीं किया जाता है, लेकिन युवाओं में इस रिश्ते के प्रति आकर्षण है। इसलिए अब समय आ गया है कि समाज के नैतिक मूल्यों को बचाने के लिए इस रिश्ते की भी रूपरेखा या नियम तय किए जाने चाहिए।

जस्टिस नलिन कुमार श्रीवास्तव ने वाराणसी के आकाश केशरी को जमानत देते हुए यह टिप्पणी की। केशरी पर शादी का झांसा देकर एक महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाने के आरोप लगे थे। भारतीय दंड संहिता और रउ/रळ एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया था। केशरी ने महिला से शादी करने से इनकार कर दिया था, इसलिए उसने वाराणसी के सारनाथ पुलिस स्टेशन में उसके खिलाफ शिकायत दी थी।रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी केशरी ने इसी केस में हाईकोर्ट से जमानत मांगी और उसके वकील ने दलील दी कि महिला ने झूठी कहानी बनाई है। वह बालिग थी और केशरी के साथ लिव-इन में मर्जी से रह रही थी। दोनों के बीच शारीरिक संबंध भी सहमति से बने थे। करीब 6 साल से दोनों लिव इन रिलेशन में रह रहे हैं और इन 6 साल में उसने गर्भपात भी नहीं कराया। केशरी ने महिला से शादी करने का वादा भी नहीं किया था। ऐसे में उसका केशरी पर आरोप लगाना जस्टिफाई नहीं है।



दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जस्टिस नलिन कुमार श्रीवास्तव ने अपना फैसला सुनाया।

उन्होंने केशरी को जमानत दे दी और कहा कि ??लिव-इन रिलेशनशिप को कोई सामाजिक स्वीकृति नहीं मिली है, लेकिन चूंकि युवा पीढ़ी ऐसे संबंधों की ओर आकर्षित होते हैं। चाहे पुरुष हो या महिला, क्योंकि दोनों अपने साथी के प्रति अपने उत्तरदायित्व से आसानी से बच सकता है, इसलिए ऐसे संबंधों के प्रति उनका आकर्षण तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन अब इस रिश्ते की सीमाएं तय करने की जरूरत है।

कानून नहीं, लेकिन रउ ने तय की शर्तें

बता दें कि भारत में लिव-इन-रिलेशनशिप को लेकर संविधान के तहत कोई कानून नहीं बना है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने जजमेंट दे रखा है कि बिना शादी किए लिव इन रिलेशन में रहना कानूनन कोर्ठ अपराध नहीं है, लेकिन इस रिलेशन में रहने वालों की उम्र 18 साल से अधिक होनी चाहिए और रिलेशन में रहने के लिए दोनों की सहमति होनी चाहिए।

उनके रिश्ते में माता-पिता, दोस्त या रिश्तेदार दखल नहीं दे सकते। लिव इन में रहने वाली महिलाओं को घरेलू हिंसा से सुरक्षा का अधिकार मिला हुआ है। इस रिलेशन में रहने के दौरान अगर संबंध बनते हैं तो पैदा होने वाला बच्चा जायज कहलाएगा।

इस रिलेशन में रहने वाले लोगों को मांगे जाने पर पुलिस सुरक्षा देगी।इन रिलेशन में रह रहे हैं और इन 6 साल में उसने गर्भपात भी नहीं कराया। केशरी ने महिला से शादी करने का वादा भी नहीं किया था। ऐसे में उसका केशरी पर आरोप लगाना जस्टिफाई नहीं है।

## जरूर जानें



### मसाज पार्लर में घुसकर दर्जनों लोगों ने मचाया हुड़दंग, कर्मचारियों के साथ मारपीट

**मंगलुरुः** कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के बेजई क्षेत्र में गुरुवार को एक मसाज पार्लर में तोड़फोड़ और कर्मचारियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। एक संगठन से जुड़े लोगों पर हमला करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने इस घटना के बारे में जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि करीब एक दर्जन युवकों ने मसाज पार्लर में घुसकर वहां काम करने वाले कर्मचारियों पर हमला किया। इस दौरान वहां कई महिलाएं भी शामिल थीं। उन्होंने पार्लर के अंदर की संपत्तियों को नुकसान भी पहुंचाया और कर्मचारियों पर 'यूनिसेक्स सलून' (महिला और पुरुष दोनों का पार्लर) के नाम पर अनैतिक गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया।

गृह मंत्री ने की हमले की निंदा

कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने इस हमले की निंदा की है। उन्होंने पुलिस को मामले की जांच करने के आदेश दिए हैं। इस मामले पर उन्होंने कहा, ''किसी को भी कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। हर किसी को कानून के दायरे में संगठन चलाने का अधिकार है। यदि कोई शिकायत थी, तो वे पुलिस की मदद ले सकते थे।'' वहीं इस मामले में पुलिस ने 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के बयान के अनुसार, सलून मालिक सुधीर शेट्टी की शिकायत के आधार पर बार्के थाने में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

**मामले में 14 आरोपी गिरफ्तार**

पुलिस के बयान के अनुसार, ''जांच के दौरान पाया गया कि एक खास संगठन के सदस्य इस घटना में शामिल थे। इस मामले के संबंध में कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।'' वही राम सेना के नेता प्रसाद अत्तावर ने कहा, ''हमें जानकारी मिली है कि वहां यूनिसेक्स सलून की आड़ में अनैतिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा था। महिलाओं को नशीले पदार्थ देकर उन्हें देह व्यापार में धकेला जा रहा था।'' अत्तावर ने 2009 में शहर के एक पब पर हुए हमले का भी नेतृत्व किया था, जिसने वैश्विक सुर्खियां बटोरी थी।

पुलिस के बयान के अनुसार, ''जांच के दौरान पाया गया कि एक खास संगठन के सदस्य इस घटना में शामिल थे। इस मामले के संबंध में कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।'' वहीं राम सेना के नेता प्रसाद अत्तावर ने कहा, ''हमें जानकारी मिली है कि वहां यूनिसेक्स सलून की आड़ में अनैतिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा था। महिलाओं को नशीले पदार्थ देकर उन्हें देह व्यापार में धकेला जा रहा था।'' अत्तावर ने 2009 में शहर के एक पब पर हुए हमले का भी नेतृत्व किया था, जिसने वैश्विक सुर्खियां बटोरी थीं।

# मेरठ में मारा गया 50 हजार का इनामी नईम, भाई-भाभी और 3 बच्चों की कर दी थी हत्या

**मेरठः** यूपी के मेरठ से एक बड़ी खबर है। यहां पुलिस एनकाउंटर में 50 हजार का इनामी अपराधी और तांत्रिक नईम मारा गया है। नईम, 9 जनवरी को लिसाड़ी गेट के सोहेल गार्डन में हुई राजमिस्त्री मोईन और उसकी 3 बेटियों और पत्नी की हत्या का मुख्य आरोपी था। आज तड़के ही लिसाड़ी गेट समर गार्डन मे लगभग 3.45 मिनट पर नईम की पुलिस से मुठभेड़ हुई। नईम पर अन्य आपराधिक मामले दर्ज थे। महाराष्ट्र में भी हत्या के केस में वांटेड था।



पुलिस को खबर मिली कि नईम को समर गार्डन इलाके में देखा गया है। इसके बाद पुलिस ने घेरा बंदी के लिए जवान भेजे। इस दौरान नईम ने भागने की कोशिश की और पुलिस पर फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें नईम घायल हुआ। उसे हॉस्पिटल ले जाया गया लेकिन उसकी मौत हो गई।

हालही में मेरठ में एक ही परिवार के 5 लोगों की हत्या हुई थी। मेरठ के सुहेल गार्डन में एक ही घर में 5 लोगों की हत्या का आरोप नईम पर लगा था। नईम ने सौतेले भाई, भाभी समेत तीन बच्चियों को बेरहमी से मार डाला था और फिर घर में ताला लगाकर फरार हो गया था।

पुलिस ने जब इस मामले की जांच शुरू की तो पता लगा कि इस घटना में नईम का हाथ है। लेकिन नईम भी काफी शातिर था और भेष बदलता रहता था। जिसकी वजह से उसे ढूंढना मुश्किल हो रहा था। नईम बार बार अपनी लोकेशन बदल रहा था। उसे दिल्ली से महाराष्ट्र तक घूमते हुए देखा गया। उस पर पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। नईम के पकड़े जाने से इलाके के लोगों ने राहत की सांस ली है और पुलिस पर भरोसा जताया है।

# लव मैरिज करने वाला क्यों बना 'कातिल'? कहां फेंके पत्नी के अंग

**हैदराबाद** से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जिसमें एक महिला की हत्या उसके ही पति ने कर दी। यह हत्या सामान्य तरीके से नहीं की गई, बल्कि उसके शव के टुकड़े करने के बाद उनको कुकर में उबाला गया। दरअसल, यह महिला 16 जनवरी से लापता थी, जिसके दो दिन बाद लड़की के माता-पिता के साथ उसका पति पुलिस में शिकायत दर्ज कराने पहुंचा था।



पुलिस ने जांच शुरू की जिसमें पति पर शक गया। हिरासत में लेने के बाद उसने पत्नी की हत्या करने की बात कबूल ली है। लेकिन पुलिस के सामने अभी भी कई परेशानियां हैं, क्योंकि अभी तक महिला के शव का कोई भी अंग बरामद नहीं हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 13 साल पहले गुरुमूर्ति ने माधवी से लव मैरिज की थी। लेकिन फिर भी वह अपनी पत्नी पर शक करता था

हैदराबाद की 35 साल की वेंकट माधवी की हत्या की जांच में पुलिस के सामने कई चुनौतियां आ रही हैं। पुलिस अभी तक महिला के शव का कोई भी अंग नहीं खोज पाई है। जांच में पता चला कि महिला के पति गुरुमूर्ति (जोकि एक रिटायर फौजी है) ने उसकी हत्या की है। गुरुमूर्ति का कहना है कि उसने पत्नी की हत्या की, उसके शरीर के टुकड़े किए, टुकड़ों को उबाला और शहर के बाहरी इलाके में जिल्लेलागुडा की एक झील में फेंक आया।हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, कमिश्नर ऑफ पुलिस जी सुधीर बाबू ने कहा कि हम केवल दावों पर भरोसा नहीं कर सकते। हम सभी एविडेंस इक्टठा कर रहे हैं। वहीं, पुलिस उपायुक्त सीएच प्रवीण कुमार का कहना है कि अभी तक हमारे पास यह मानने की कोई ठोस वजह नहीं है कि यह एक प्लान किया गया मर्डर था।

# गुजरात में अमूल दूध हुआ सस्ता तो मुंबई में बस, टैक्सी-ऑटो का किराया बढ़ा

**गुजरात** अमूल दूध को लेकर लोगों के लिए राहत भरी खबर है। गुजरात में अमूल दूध सस्ता हो गया। अमूल दूध के दाम एक रुपये प्रति लीटर सस्ते हो गए। इसे लेकर गुजरात सहकारी दूध विपणन संघ के मैनेजिंग डायरेक्टर जयेन मेहता ने इसकी जानकारी दी। इस बीच महाराष्ट्र सरकार ने बस, ऑटो और टैक्सी के किराये में बढ़ोतरी करने का फैसला लिया।




गुजरात सहकारी दूध विपणन संघ के मैनेजिंग डायरेक्टर जयेन मेहता ने अमूल दूध की कीमत को लेकर अपडेट दिया। उन्होंने कहा कि अमूल ने अमूल गोल्ड, अमूल ताजा और अमूल टी स्पेशल 1 किलो पैक में दूध की कीमत में 1 रुपये की कमी की है। अमूल के दाम घटने के बाद अब दूध से बनने वाले उत्पादों की कीमतों में भी कमी आने की उम्मीद है। आम लोगों पर दूध के दामों में गिरावट का असर पड़ेगा। महाराष्ट्र सरकार ने बस, टैक्सी और ऑटो का किराया बढ़ाने का ऐलान किया। बस के किराए में 15 प्रतिशत की वृद्धि होगी, जबकि ऑटो और टैक्सी के किराए 3 रुपये बढ़ाए जाएंगे। मुंबई में टैक्सी का बेसिक किराया 28 से 31 रुपये और ऑटो का बेसिक किराया 23 से 26 रुपये होगा।

**एक फरवरी से लागू होंगे नए किराए**

महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री ने किराए बढ़ाने की जानकारी दी। हालांकि, उन्होंने कहा कि महिलाओं को आधे दाम पर टिकट मिलते ही रहेंगे और बुजुर्ग फ्री में सफर कर रहेंगे। एक फरवरी से बढ़े हुए ये किराए लागू किए जाएंगे।

# अली खान पर हमला करने वाले आरोपी की बढ़ी पुलिस रिमांड, कोर्ट में हुई बहस

**अभिनेता सैफ** अली खान पर हुए हमले के मामले में आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद को 29 जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेजा गया है। आरोपी का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील संदीप शेरखाने ने कहा, ₹ आरोपी का चेहरा मेल नहीं खा रहा है। चेहरे की बनावट मौजूदा आरोपी से बिल्कुल अलग है। उसे आज कोर्ट में पेश किया गया। अभियोजन पक्ष ने उससे सवाल किया कि वह हथियार कहां से लाया और उसके साथी कौन हैं, जिसके चलते उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। यह मुद्दा पहली रिमांड में उठाया गया था, उन्हें पर्याप्त समय दिया गया है।

**कोर्ट में पुलिस ने क्या कहा**

दरअसल सैफ अली खान पर हमला करने वाले आरोपी की कोर्ट में पेशी हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पूछा कि क्या आपकी कोई शिकायत है, इसके जवाब में पुलिस ने आरोपी की कस्टडी को बढ़ाने की मांग की। दरअसल फॉरेन एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। क्योंकि





आरोपी बांग्लादेश का निवासी है। पुलिस ने बताया कि गुनाह के दौरान आरोपी ने जो गमछा इस्तेमाल किया था उसे रिकवर करना बाकी है, साथ ही जिस जूते का उपयोग आरोपी ने किया था, उसे भी रिकवर करना बाकी है। इसलिए पुलिस कोर्ट में 7 दिन की कस्टडी मांगी। इस मामले में पुलिस को सीसीटीवी के आधार पर आरोपी के चेहरे का फेशियल रिक्ग्नेशन कराना है।

साथ ही इस पुलिस यह भी जांच कर रही है कि घटना के बाद परिवार ने वॉचमैन या किसी को सूचित नहीं किया। बता दें कि इस दौरान आरोपी के वकील ने पुलिस कस्टडी का विरोध किया। वकील ने कहा कि सभी के बयान दर्ज हुए हैं। सीसीटीवी फुटेज भी मिल गया है।

## एक नजर



### रेलवे सुरक्षा आयुक्त करेंगे जलगांव रेल दुर्घटना की जांच

**मुंबईः** महाराष्ट्र के जलगांव जिले में बुधवार को कर्नाटक एक्सप्रेस द्वारा पटरियों पर खड़े 12 यात्रियों को कुचलने की घटना की परिस्थितियों की जांच रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) करेंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीआरएस (सेंट्रल सर्किल) मनोज अरोड़ा ने बताया कि वह बृहस्पतिवार की सुबह मुंबई से 400 किलोमीटर दूर पचोरा के निकट परधाडे और माहेजी रेलवे स्टेशनों के बीच दुर्घटना स्थल पर पहुंचेंगे।

अरोड़ा ने कहा कि यात्रियों और अन्य प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने कहा, ''हम यात्रियों और अन्य प्रत्यक्षदर्शियों को आमंत्रित करेंगे। वे दुर्घटना के बारे में अपना बयान दे सकते हैं।'' मध्य रेलवे के भुसावल डिवीजन के एक रेलवे अधिकारी ने बताया कि सीआरएस दुर्घटना में शामिल रेलगाड़ियों के चालक दल के सदस्यों से भी बात करेंगे।

### कोलकाता डॉक्टर रेप-हत्याकांडः संजय रॉय को मिले फांसी की सजा

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर संग हुए रेप और मर्डर मामले में बड़ा अपडेट आया है। सीबीआई ने दोषी संजय रॉय की निचली अदालत के फैसले के खिलाफ फांसी की सजा के लिए हाईकोर्ट में अपील है। कोलकाता की सियालदाह कोर्ट ने शनिवार को संजय रॉय को इस मामले में दोषी करार दिया था और सोमवार को संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

कोर्ट ने कहा था कि दोषी संजय रॉय को उसकी मौत होने तक जेल में ही रहना होगा। इसके अलावा उस पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जज ने राज्य सरकार को पीड़िता के परिवार को 17 लाख रुपये बतौर मुआवजा देने का आदेश भी दिया है। बता दें कि कोलकाता के आरजी कर



मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में 8 अगस्त की रात को ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर के दोषी संजय रॉय को उम्रकैद (मरते दम तक जेल) की सजा सुनाई गई और 50 हजार का जुर्माना लगाया। सियालदह कोर्ट के जज अनिर्बान दास ने सोमवार, दोपहर 2:45 बजे सजा सुनाते हुए कहा, 'यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामला नहीं है। मौत की सजा नहीं दी सकती।'

# उत्तर भारत में गिरा तापमान, चलेंगी ठंडी हवाएं, कोल्ड वेव-कोहरे का अलर्ट

**श्रीनगर :**पहाड़ी राज्यों में हो रही बर्फबारी ने मैदानी इलाकों की टेंशन बढ़ा दी। जम्मू कश्मीर और लद्दाख में तापमान माइनस से नीचे है। दिल्ली, यूपी, बिहार, झारखंड, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब में कोल्ड वेव और घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही ठंडी हवाएं भी चलेंगी। इस महीने के अंत में फिर बारिश दस्तक देगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (क्टऊ) ने वेदर को लेकर अलर्ट जारी किया।

आईएमडी के अनुसार, पूर्वोत्तर असम पर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है, जिससे अरुणाचल प्रदेश और असम में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 29 जनवरी को एक नया पश्चिम विक्षोभ एक्टिव होगा, जिसकी वजह से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 29 और 30 जनवरी को बर्फबारी और बारिश होने के आसार हैं।क्टऊ ने बताया कि पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में अगले 2-3 दिनों के दौरान सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में शीत लहर चल रही है। मध्य और पूर्वी यूपी में घना से बहुत घना कोहरा छाया रहा। बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, मेघालय, आंध्र प्रदेश, पूर्वोत्तर राजस्थान, असम और त्रिपुरा में घनी धुंध रही। यूपी के फुरसतगंज, आजमगढ़, अयोध्या, वाराणसी और बहराइच, बिहार के फोर्ब्सगंज, ओडिशा के भुवनेश्वर, पारादीप, पुरी, पश्चिम बंगाल के कोलकाता, आंध्र प्रदेश के अमरावती में घने कोहरे की विजिबिलिटी जीरो दर्ज की गई।



**कहां कितना गिरेगा पारा**

पिछले 24 घंटों के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में 4 डिग्री तक की गिरावट आई और अगले 24 घंटे में 2 डिग्री कमी आएगी। मध्य भारत में अगले 3 दिनों में न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरेगा। हालांकि, पूर्वी भारत में अगले 24 घंटे में पारा नहीं बदलेगा।

मौसम विभाग के अनुसार, जम्मू कश्मीर और लद्दाख के अलग-अलग स्थानों पर न्यूनतम तापमान माइनस पर बना हुआ है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 1 से 5 डिग्री, उत्तर-पश्चिम भारत में 5 से 10 डिग्री, मध्य, पश्चिम और पूर्वी भारत में 10 से 16 डिग्री सेल्सियस के बीच तापमान है। देश के मैदानी इलाकों में पंजाब के अमृतसर में सबसे कम न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

पंजाब और हिमाचल प्रदेश में 25 जनवरी को शीत लहर की चेतावनी है। पश्चिम बंगाल, पूर्वी यूपी, बिहार, सिक्किम में 26 जनवरी तक, ओडिशा, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 27 जनवरी तक कोल्ड वेव के साथ घनी धुंध रहने की संभावना है।

